स्पाइसेस बोर्ड

(वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार)

सुगंध भवन, पालारिवट्टम

कोच्ची - 682 025

केरल

विपणन/म.पा/आरबीएल/011/एल ओ बैंक/2020-2021 **23.11.2023**

<u>स्पाइस पार्क, रायबरेली, उत्तर प्रदेश में बैंक भवन को किराए पर देने के लिए आमंत्रित बोलियाँ</u>

स्पाइसेस बोर्ड, वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार ने उत्तर प्रदेश के हरचंदपुर, रायबरेली में एक मसाला पार्क स्थापित किया है। स्पाइसेस पार्क पुदीना और अन्य मसालों के प्रसंस्करण के लिए एक सामान्य अवसंरचना सुविधा है। मौजूदा स्पाइसेस पार्क में परिसर की दीवार, आंतरिक सड़कें, निर्बाध पानी और बिजली की आपूर्ति, कैंटीन, भंडागारों, गुणवत्ता नियंत्रण प्रयोगशाला, नीलामी कक्ष, बैंक भवन आदि जैसी सुविधाएं शामिल हैं। स्पाइस पार्क में अपनी खुद की प्रोसेसिंग यूनिट स्थापित करने के लिए 11 प्लॉट हैं।

स्पाइसेस बोर्ड नव निर्मित फर्नीचरयुक्त बैंक इमारत निम्नलिखित निबंधन और शर्तों के अनुसार राष्ट्रीकृत बैंकें /सहकारी बैंकों / गैर- सरकारी बैंकों /अनुसूचित बैंकों को किराए पर देने का प्रस्ताव रखता है जिसमें स्टरोंग रूम के साथ 500 वर्ग फुट क्षेत्र, एक केंद्रीय हॉल, एटीएम रूम और बिजली, पानी और शौचालय जैसी बुनियादी सुविधाओं के साथ प्रबंधक और रोकडिया के लिए कैबिन है।

बैंक भवन को किराए पर देने के लिए निबंधन और शर्तें

1. बैंक इमारत "जहां है जैसा है" की स्थिति में किराए पर दी जाएगा।

2. उच्चतम बोली प्रस्तुत करने वाले बैंक को पट्टा प्रदान की जाएगा।

3. पट्टे की अवधि करार हस्ताक्षरित करने की तिथि से 5 वर्ष के लिए तय किया गया है।

4. किराया 10 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि के अधीन होगा।

5. स्पाइसेस बोर्ड भुगतान आधार पर बैंक इमारत के लिए पानी और बिजली प्रदान करेगा।

6. 18 प्रतिशत जीएसटी के साथ मासिक किराए का भुगता हर उत्तरवर्ती महीने की 5 तारीख को या उससे पहले स्पाइसेस बोर्ड को किया जाएगा।

7. उच्चतम बोली लगाने वाले बैंक स्पाइसेस बोर्ड को 3 महीने की किराया ब्याज मुक्त सुरक्षा जमा प्रदान करेगा। इस जमा पट्टे की अवधि समाप्त होने पर बिना ब्याज के जारी किया जाएगा।

8. विस्तृत निबंधन और शर्तें बैंक इमारत सौंपने के लिए निष्पादित किए जाने वाले करार में शामिल किया जाएगा।

9. इच्छुक बैंक सोमवार से शुक्रवार सुबह 9 बजे से शाम 5.30 बजे तक बैंक भवन में आ सकते हैं। वे दौरे से पहले स्पाइसेस पार्क के प्रभारी अधिकारी से निम्नलिखित पते पर संपर्क कर सकते हैं।

प्रभारी अधिकारी,
मसाला पार्क,
दतौली ग्राम
हरचंदापुर डाकघर
रायबरेली,
उत्तर प्रदेश -229303
मोब: 7085381731/9450159231

10. बोलियाँ संलग्नक-1 में दिए गए प्रारूप में प्रस्तुत की जाएँगी।

11. बोली प्रस्तुत करने के लिए ईएमडी लागू नहीं है। हालांकि, बोली लगाने वालों को संलग्नक- II में दिए गए अनुसार निर्धारित फॉर्मेट में बोली सुरक्षा घोषणा प्रस्तुत करनी होगी।

बोली एक मुहरबंद लिफाफे में भेजा जाना चाहिए, जिस पर "स्पाइस पार्क, रायबरेली में बैंक भवन को पट्टे पर देने के लिए बोली" लिखा होना चाहिए, जो "प्रभारी अधिकारी, स्पाइसेस पार्क, दतौली गांव, हरचंदापुर पी ओ रायबरेली, उत्तर प्रदेश -229303" को 21.12.2023 को दोपहर 2 बजे को या उससे पहले पहुँच सकें।

बोलियाँ 22.12.2023 को दोपहर 2.30 बजे बोलीदाताओं की उपस्थिति में खोली जाएँगी, यदि कोई हों तो ।

स्थान : कोच्ची
तारीख :23.11.2023

निदेशक (विपणन)

संलग्नक-1

बैंक इमारत किराए पर लेने के लिए बोली

1	बैंक का नाम	
2	बैंक का डाक पता	
3	संपर्क व्यक्ति का विवरण, दूरभाष संख्या ईमेल आईडी	
4	बैंक का पैन संख्या	
5	जीएसटी पंजीकरण का विवरण	
6	प्रति माह उद्धृत मासिक किराया	आधार राशि : रु. जीएसटी 18प्रतिशत: रु. कुल: रु.

स्थान: (स्पर्क व्यक्ति का हस्ताक्षर)

तारीख: स्पर्क व्यक्ति का नाम:

पद

बैंक का मुहर

संलग्नक - 2

(फर्म के लैटर हेड में)

बोली-सुरक्षा घोषणा

निदेशक (विपणन)
स्पाइसेस बोर्ड, सुगंधा भवन,
एन.एच. बायपास,
पलारीवट्टोम, कोच्ची,
केरल - 682025

संदर्भ:

स्पाइसेस बोर्ड के ________________________________ के लिए निविदा सूचना।
............................स्पाइसेस पार्क में ________________________________ सुविधा के लिए
हमारी बोली ....
दिनांकित........

मैं/हम... अप्रतिसंहरणीय रूप से निम्नानुसार घोषित करता/करती हूँ/करते हैं:

मैं/हम समझता/समझती हूँ/समझते हैं कि, निविदा के खंड के अनुसार, हम बयाना जमा (ईएमडी) के बदले एक बोली सुरक्षा घोषणा संलग्न कर रहे हैं।

मैं/हम एतदद्वारा स्वीकार करते हैं कि मैं/हम आपके साथ किसी भी करार के लिए बोली लगाने से अयोग्यता की तारीख से एक वर्ष की अवधि के लिए अयोग्य हो सकते हैं जैसा कि आपके द्वारा अधिसूचित किया जा सकता है (क्षति या किसी अन्य कानूनी सहारा दावा करने के स्पाइसेस बोर्ड के अधिकारों पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना) यदि,

1) मैं/हम बोली शर्तों के तहत किसी भी दायित्व का उल्लंघन कर रहा/रही हूँ/रहे हूँ

2) मैं/हम बोली के फॉर्म में निर्धारित बोली वैधता अवधि या विस्तृत अवधि के दौरान मेरी/हमारी बोली वापस किया गया या एकपक्षीय रूप से आशेधित/संशोधित/पुनरीक्षित किया गया, यदि कोई हो तो।
3) स्पाइसेस बोर्ड द्वारा हमारी बोली स्वीकार करने पर, मैं/हम करार निष्पादित करने के लिए निर्धारित सुरक्षा जमा जमा करने में विफल रहे या निबंधन और शर्तों के अनुसार और विनिर्दिष्ट समय के भीतर कार्य का निष्पादन प्रारंभ करने में विफल रहे।

हस्ताक्षर:

बोली-सुरक्षा घोषणा पर हस्ताक्षर करने वाला
प्राधिकृत व्यक्ति का नाम एवं पद

दिनांक _____________ दिन __________________ माह, ________ वर्ष।